भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न सं.53#

गुरूवार, 02 दिसम्बर, 2021/11 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

झारखंड के लिए स्वदेश दर्शन योजना

53#. श्री दीपक प्रकाश:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या झारखंड राज्य को स्वदेश दर्शन योजना में शामिल किया गया है; और

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): एक विवरण सभा पटल पर रखा गया है।

****

झारखंड के लिए स्वदेश दर्शन योजना के सम्बन्ध में दिनांक 02.12.2021 के राज्य सभा के तारांकित प्रश्न सं. *53 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

(क) और (ख): जी हां। पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन के तहत वर्ष 2018-19 में झारखंड में 52.72 करोड़ रुपये की राशि से 'इको परिपथ का विकास: दलमा-चांडिल- गेतलसूद-बेतला राष्ट्रीय उद्यान-मिर्चैया-नेतरहाट' परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। पर्यटन मंत्रालय द्वारा 15.07 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है और झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड कार्यान्वयन एजेंसी ने अब तक 11.30 करोड़ रुपये का उपयोग किया है।

****